भारत सरकार

पर्यटन मंत्रालय

**राज्य सभा**

लिखित प्रश्न सं. 2386 #

गुरूवार, 12 मार्च, 2026/21 फाल्गुन, 1947 (शक)

को दिया जाने वाला उत्तर

**राजस्थान के उत्पादों/पर्यटन का संवर्धन**

**2386 # श्री मदन राठौड़:**

क्या **पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या राजस्थान के उत्पादों/पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु विदेशों में विशेष अभियान चलाए गए हैं;

(ख) किन देशों में रोड-शो आयोजित किए गए हैं;

(ग) प्राप्त किए गए निवेश प्रस्तावों का ब्यौरा क्या है;

(घ) प्रवासी राजस्थानियों के लिए क्या सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई हैं; और

(ङ) इस संदर्भ में भविष्य की क्या योजना है?

**उत्तर**

**पर्यटन मंत्री (श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) से (ङ): पर्यटन मंत्रालय, देश में अंतर्गामी पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विदेश में स्थित भारतीय मिशनों, राज्य सरकारों/संघ राज्यक्षेत्र प्रशासनों और यात्रा व्यापार क्षेत्र के सहयोग से की जाने वाली विभिन्न प्रचार संबंधी गतिविधियों के माध्यम से राजस्थान सहित देश के पर्यटन स्थलों और उत्पादों का संवर्धन करता है।

इन संवर्धनात्मक कार्यकलापों में पर्यटन रोड-शो के आयोजन, अंतर्राष्ट्रीय यात्रा व्यापार प्रदर्शनियों, मेलों और कार्यक्रमों में भागीदारी; विदेशी टूर ऑपरेटरों, मीडिया और इन्फ़्ल्युएंसर के लिए परिचायक (एफएएम) दौरों के आयोजन; भारतीय खाद्य महोत्सवों; स्थानीय टूर ऑपरेटरों और उद्योग के अन्य हितधारकों के साथ जुड़ाव; सोशल मीडिया हैंडल आदि के माध्यम से प्रचार करना शामिल है।

मंत्रालय समय-समय पर भारतीय मिशनों और यात्रा व्यापार संघों के साथ समन्वय में महत्वपूर्ण और संभावित पर्यटक सृजन करने वाले बाजारों में रोड-शो आयोजित करता है। अभी हाल ही में रूस, जर्मनी, फ्रांस, नीदरलैंड, मलेशिया आदि देशों में इस प्रकार के रोड-शो आयोजित किए गए हैं।

भारतीय मिशन इस प्रकार के संवर्धनात्मक कार्यकलापों के दौरान प्रवासी राजस्थानियों और स्थानीय हितधारकों सहित प्रवासी भारतीयों के साथ भी जुड़ते हैं।

ये संवर्धनात्मक कार्यकलाप नियमित आधार पर किए जाते हैं।

*******